# समाचार

# वृक्षमित्र अभियान

## महापौर के वृक्षमित्र अभियान से वृक्षारोपण को मिलेगा बढ़ावा–विधायक

### (बालको सेक्टर–3 के विद्यालय परिसर में महापौर व नगर विधायक ने किया फलदार पौधों का रोपण)





कोरबा 18 जुलाई 2017 –नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा प्रारंभ किया गया वृक्षमित्र अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, इस अभियान से वृक्षारोपण एवं वृक्षों सुरक्षा व संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा कि बढ़ते प्रदूषण निपटने तथा पर्यावरण को संरक्षित रखने में वृक्षारोपण की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उक्ताशय के विचार नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने बालकोनगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा जून के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ किए गए वृक्षमित्र अभियान के अंतर्गत आज शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर–3 बालकोनगर में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया, उन्होने इस मौके पर मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पमाला का अर्पण व पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक श्री अग्रवाल ने महापौर द्वारा प्रारंभ किए गए वृक्षमित्र अभियान एवं इसके परिणाम स्वरूप काफी संख्या में किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आगे कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, महापौर के इस वृक्षमित्र अभियान से निश्चित रूप से सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में वृक्षारोपण एवं वृक्षों की सुरक्षा व संवर्धन को बल मिलेगा तथा प्रदूषण की समस्या से निपटने में सहायता प्राप्त होगी।

निगम उपलब्ध करा रहा निःशुल्क पौधे– इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि निगम के वृक्षमित्र अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण के इच्छुक नागरिकों को निगम विभिन्न प्रजातियों के पौधे निःशुल्क उपलब्ध करायेगा, उन्होने अपील करते हुए कहा कि नागरिकबंधु यदि वृक्षारोपण करना चाहते हैं तो वह निगम से निःशुल्क रूप में पौधे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने कहा कि पौधों के रोपण के साथ–साथ पौधों की सुरक्षा का कार्य भी हम सभी को पूरी सजगता के साथ करना होगा ताकि आज रोपित किए गए पौधे भविष्य में वृक्ष का रूप धारण कर सके।

**विधायक मद से बनेगा साईकिल स्टैण्ड–** इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं वहां के नागरिकों की मांग पर नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर–3 बालकोनगर में विधायकमद से साईकिल स्टैण्ड का निर्माण करवाएं जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, एम.आई.सी.सदस्य देवीदयाल सोनी एवं इंदिरा कौशिक, पार्षद धनजय चन्द्रा, खिलाड़ी पाण्डेय, एफ.डी.मानिकपुरी, विकास डालमिया, गुड्डू थवाईत, आशीष राव, श्रीकांत मांझी, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, प्राचार्या मनोकांता पाल, व्याख्याता एन.के. राठौर, अर्चना जोशी, आर.भट्ट, यू.चटर्जी, आर.पी.दुबे, पी.एल. चौधरी, यू.दबे, शांता कुंभकार, पुष्पा मिश्रा, संजय दुबे, सीमा स्वर्णकार, विजयलक्ष्मी यादव, निहारिका शुक्ला, नम्रता कश्यप, जयाप्रभा कंवर, महेश्वर प्रसाद यादव, विजय कुमार आदिले, विवेक सोनी, नीलिमा राजवाड़े आदि के साथ काफी संख्या में अन्य नागरिकगण व छात्र–छात्राएं उपस्थित थी।